# कार की टक्कर से बाइक सवार दो नर्सिंग छात्रों सहित तीन जनों की मौत

## दोनों नर्सिंग स्टूडेंट खाना खाकर अपने कमरे पर जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए

**बीकानेर,** (निसं)। कार की टक्कर से दो नर्सिंग स्टूडेंट सहित तीन जनों की मौत हो गई। नर्सिंग स्टूडेंट बाइक पर सवार थे। मरने वालों में तीसरा व्यक्ति राहगीर शामिल है। हादसे के बाद कार सवार फरार हो गया। देर रात करीब एक बजे जयनारायण व्यास कॉलोनी के जयपुर-जोधपुर बाइपास पर यह दुर्घटना हुई। दोनों नर्सिंग स्टूडेंट खाना खाकर अपने कमरे पर जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए।

■ टक्कर इतनी तेज थी कि कार का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, कार का एअर बैग भी खुल गया

जयनारायण व्यास कॉलोनी पुलिस के अनुसार देर रात करीब एक बजे जयपुर-जोधपुर बाइपास पर हादसा हुआ था। बाइक पर खुमाराम (21) पुत्र रेवंतराम निवासी शैतान सिंह नगर, लोहावट (फलोदी) और इंद्र कुमार (21) पुत्र अशोक कुमार निवासी वार्ड तीन श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर) सवार थे। जयपुर-जोधपुर बाइपास पर टोल रोड पर सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक कार के आगे के हिस्से से टकराई और खुमाराम और इंद्र कुमार उछलकर सड़क पर गिर गए। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार का एअर बैग भी खुल गया था। इस टक्कर में बाइक सवारों के साथ ही एक राहगीर अरविंद कुमार पुत्र हेतराम निवासी घड़साना (श्रीगंगानगर) भी चपेट में आ गया। राहगीरों ने तीनों को हॉस्पिटल पहुंचाया और पुलिस को जानकारी दी। पुलिसकर्मियों ने बताया कि अरविंद ने इलाज के दौरान पीबीएम हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया, जबकि खुमाराम और इंद्र कुमार की मौके पर ही मौत हो गई थी। तीनों के परिवारों के बीकानेर आने पर पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। खुमाराम और इंद्रकुमार पीबीएम हॉस्पिटल के पास के सरकारी नर्सिंग कॉलेज के स्टूडेंट थे।

नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल घनश्याम जांगिड़ ने बताया कि दोनों फोर्थ ईयर के स्टूडेंट्स थे। कॉलेज से बाहर कमरा किराए पर लेकर रहते थे। रात के समय भोजन करने के लिए गए थे। रास्ते में कार से एक्सीडेंट हो गया।

**जल्द पैसा कमाने के चक्कर में तस्कर बना युवक गिरफ्तार :** श्रीगंगानगर में सदर पुलिस ने नाथांवाला के पास एक युवक को 140 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मोहित (23) पुत्र हेतराम, निवासी गांव नीमला, ऐलनाबाद, जिला सिरसा (हरियाणा) के तौर पर हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड लिया गया। उससे सप्लायर्स के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी विदेश जाने के लिए सूरतगढ़ में रहकर यूएसए ट्रक डिस्पैच कोर्स कर रहा है। इसी दौरान अफीम सप्लायर्स के चंगुल में फंस गया। पुलिस को शक है कि आरोपी अफीम बेचने की फिराक में था और इसीलिए श्रीगंगानगर आया था। इस संबंध में पूछताछ जारी है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच जवाहरनगर थाना के एसआई बलवंत कुमार को सौंपी गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कुछ दिन पहले आरोपी युवक उज्जैन गया था। वापस लौटते समय ट्रेन में उसकी पहचान एक युवक से हो गई। युवक ने उसे बताया कि श्रीगंगानगर इलाके में अफीम अच्छे भाव में बिकती है और वह अपना खर्च खुद निकाल सकता है। आरोपी के मुताबिक उसकी युवक ने उसे अफीम उपलब्ध करवाई और इसके अच्छे रेट में बिकने की बात कही। उक्त व्यक्ति ने मोहित को सोशल मीडिया के जरिए कॉन्टेक्ट में रहने के लिए कहा ताकि आगे भी सप्लाई दे सके। पुलिस अब सप्लायर का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# 52 लाख का अवैध मादक पदार्थ जब्त, पांच जने गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाये गये विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जिसके अन्तर्गत जिला स्पेशल टीम, पुरानी टोंक थाना, मेहंदवास और निवाई सदर पुलिस ने तीन अलग-अलग जगह पर छापेमारी कर आरोपियों के कब्जे से 52 लाख 12 हजार कीमत का 260.64 ग्राम स्मैक और 4 लाख 95 हजार रुपए का 32.05 किलो डोडा-चूरा जब्त किया।

■ 4 लाख 95 हजार रुपए का 32.05 किलो डोडा-चूरा जब्त किया

मेहंदवास थाना अधिकारी ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में टीम ने एनएच-52 से दो आरोपियों को 260.64 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा है। कार्रवाई के दौरान अशोक कुमार कालगर निवासी सांसी बस्ती, पोल्याडा एवं राजकुमार सांसी निवासी सांसी बस्ती, ढीबरू थाना मेहन्दवास को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार निवाई सदर थाना पुलिस ने गुन्सी पुलिया के पास नाकाबंदी के दौरान आरोपी अरविन्द कुमार निवासी निपनिया थाना इसुआपुर जिला सारन (बिहार) को दो बैग में 17 किलो 418 ग्राम डोडा-चूरा के साथ गिफ्तार किया है तथा पुरानी टोंक थाना पुलिस ने बस स्टैंड टोंक से 14.632 किलो डोडा-चूरा के साथ आरोपी मलकित सिंह उर्फ सोनी निवासी बोरा गेट नाबा, जिला पटियाला (पंजाब) को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया।

# पिंजरे में कैद हुआ पैंथर

**उदयपुर,** (निसं)। मावली तहसील के शोभजी का खेडा गांव में बीते एक महीने से आतंक बना पैंथर आखिर रविवार रात पिंजरे में कैद हो गया।

जानकारी के अनुसार मावली तहसील के शोभजी का खेडा गांव में बीते एक महीने से पैंथर के आतंक ने ग्रामीणों को दहशत में डाल रखा था। आए दिन गांव में पैंथर की आवाजाही देखी जा रही थी जो कई बार मवेशियों खासकर गायों के बछड़ों को अपना शिकार बना चुका था। ग्रामीण भय के साये में जी रहे थे और बच्चों को स्कूल भेजने में भी डर महसूस कर रहे थे। पिछले दिनों गांव के अजित सिंह चुंडावत के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में पैंथर की गतिविधियां रिकॉर्ड हुईं, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि पैंथर आबादी क्षेत्र में नियमित रूप से आ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण महेंद्र सिंह चुंडावत के नेतृत्व में सक्रिय हुए। उन्होंने वन विभाग के साथ समन्वय कर गांव में पिंजरा रखवाया। पिछले दस दिनों से महेंद्र सिंह चुंडावत, पृथ्वीसिंह चुंडावत, रामलाल गायरी, गणपत सिंह चुंडावत और सुरेन्द्र सिंह चुंडावत लगातार निगरानी बनाए हुए थे।

# ए.सी.बी.ई.ओ. नरेश रणवां व प्रधानाचार्य धालीवाल की पत्नी के बयान दर्ज

## महिला के साथ कार में संदिग्ध अवस्था में मिलने का वीडियो वायरल होने का मामला

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के दो शिक्षा अधिकारियों जिनमें सूरतगढ़ के एसीबीईओ नरेश कुमार रणवां व ठुकराना के प्रधानाचार्य जसवीर सिंह के महिला के साथ कार में संदिग्ध अवस्था में मिलने का वीडियो वायरल होने के चर्चित प्रकरण की शिक्षा विभाग के अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। विभाग के कार्यवाहक सीडीईओ गिरजेशकांत शर्मा की ओर से तीन अधिकारियों की गठित टीम ने सूरतगढ़ स्थित सीबीईओ ऑफिस पहुंचकर बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की। इस टीम में एडीपीसी समसा अरविंद सिंह, डीईओ माध्यमिक सत्यप्रकाश टेलर व जोधेवाला स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य कुशलजीत कौर ने एसीबीईओ नरेश कुमार रणवां व ठुकराना स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य जसवीर सिंह धालीवाल की पत्नी कंचन के बयान दर्ज किए। इस दौरान प्रधानाचार्य जसवीर सिंह धालीवाल उपस्थित नहीं हुए। ऐसे में धालीवाल के बयान दर्ज नहीं हो सके।

■ दोनों शिक्षा अधिकारियों को निदेशालय बीकानेर की ओर से एपीओ कर बीकानेर लगाया

जानकारी के अनुसार दोनों शिक्षा अधिकारियों को निदेशालय बीकानेर की ओर से एपीओ कर बीकानेर लगा दिया गया। इस बीच ठुकराना स्थित राउमावि के प्रधानाचार्य जसवीर सिंह धालीवाल व सूरतगढ़ के एसीबीईओ नरेश कुमार रणवां व एक युवती के खिलाफ अपहरण के प्रयास व मारपीट के आरोप में सिटी पुलिस थाना सूरतगढ़ में केस दर्ज किया गया है। यह मामला ठुकराना के प्रधानाचार्य की पत्नी एडवोकेट कंचन निवासी वार्ड नंबर 23 ने दर्ज करवाया। सूरतगढ़ के एसीबीईओ व ठुकराना के प्रधानाचार्य को रिलीव कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार टीम के अधिकारियों ने ठुकराना के प्रधानाचार्य जसवीर सिंह के बेटे को बुलाकर अपने पिता से संपर्क कर सुबह ऑफिस आने के लिए कहा है। जसवीर सिंह के बयान दर्ज होने के बाद जल्द ही जांच रिपोर्ट तैयार कर सीडीईओ को सौंपी जाएगी। विभाग के अधिकारियों के अनुसार जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आए दिन सरकारी स्कूलों में छात्राओं से छेड़छाड़ व शराब पीकर आने की घटनाएं शर्मनाक हैं। हैरानी की बात है कि संबंधित शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है। इन शिक्षकों को किसी भी तरह से बचाकर फिर से बहाल तक कर दिया जाता है।

गिरजेशकांत शर्मा, सीडीईओ, श्रीगंगानगर का कहना है कि शिक्षा विभाग की ओर से गठित टीम प्रकरण से जुड़े लोगों के बयान दर्ज करने में जुटी हुई है। यदि जसवीर सिंह बयान दर्ज करवाने के लिए उपस्थित नहीं होते हैं तो विभाग की ओर से एक तरफा रिपोर्ट तैयार कर संबंधित को दोषी मान कार्रवाई की जाएगी।

# 'सरिस्का के सी.टी.एच. दायरा बदलने के लिए 500 करोड़ की डील की'

**अलवर,** (निसं)। कभी भाजपा की जान रहे अब भाजपा का निष्कासन झेल रहे रामगढ़ के पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने अलवर सांसद और केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव और वन राज्य मंत्री संजय शर्मा पर खान मलिकों और होटल मालिकों से करोड़ों की डील करने का आरोप लगाया है।

■ विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव और वन राज्य मंत्री संजय शर्मा पर खान मलिकों और होटल मालिकों से करोड़ों की डील करने का आरोप लगाया

रामगढ़ के पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने केंद्रीय मंत्री व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव और राज्य मंत्री संजय शर्मा पर आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों ने सरिस्का का सीटीएच (क्रिटिकल टाइगर हैबिटॉट) का दायर बदलने के लिए 100 से 500 करोड़ रुपए की डील की है। ये डील खान मालिक और होटल मालिकों से की है। जरूरत पड़ी तो इसके सबूत आगे दे दूंगा। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत राज्यपाल को भी की है। पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने कहा कि 2007 तक सरिस्का में बाघ खत्म हो गए थे। सालों के प्रयासों के बाद अब वापस सरिस्का में 48 बाघ हैं। केंद्र व राज्य सरकार में वन मंत्री दोनों अलवर से हैं। दोनों सरिस्का के मालिक हैं, लेकिन सरिस्का में सीटीएच का नया दायरा हुआ है। राज्य सरकार ने कैसे पास कर दिया, जहां सुप्रीम कोर्ट होटल हटाने की बात कहता रहा है। वहीं सिलीसेढ़ से अतिक्रमण से हटाने को कहा है। सीटीएच वाले एरिया से खानों को बंद करना जरूरी है, लेकिन सीटीएच का दायरा बढ़ाने की बजाय उसे कम कर दिया। इसमें 100 करोड़ से 500 करोड़ की डील है।

आहूजा ने कहा किखनिज मालिक व होटल वालों से सौदा हुआ है। दाल में काला है। दोनों मंत्रियों की संलिप्तता है। पूर्व विधायक आहूजा ने कहा कि जयसमंद का पानी कभी ओवरफ्लो होता था। रामगढ़ में घाट कैनाल पर बड़ा कब्जा है और अवैध खनन है। यहां आस-पास गोकशी होती है। करीब 500 मकान अवैध बना लिए, वन विभाग उनको नहीं तोड़ता। यहां दो मंदिरों को तोड़ दिया। पहले मंदिरों को पूर्व सीएम के राज में जयपुर में तोड़ा था, तब 39 मंदिर टूटे थे। उस समय मेट्रो आ रही थी। पूर्व सीएम को सजा मिली। शर्म की बात है कि मंदिर तोड़ने मंत्री पहुंच गए, लेकिन अवैध रूप से कब्जा नहीं हटाया। पूर्व विधायक ने कहा कि सीटीएच का दायरा कम कराने में खनिज व होटल वालों से मिलकर घोर भ्रष्टाचार की बू है। सीटीएच का दायरा कम हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। जनता को आंदोलन के लिए आगे आना चाहिए। अब नेता बनावटी और सजावटी हो गए हैं। मैंने दोनों सरकारों के समय गलत को गलत कहा। अब भी आवाज उठाने आगे आया हूं। सत्ता में दो मंत्री हैं। मैंने गर्वनर को भी लिखा है, लेकिन उनको लिखे पत्र का खुलासा नहीं कर सकता। मैं बनावटी, दिखावटी और सजावटी नेता नहीं हूं। दुबारा मैदान में आऊंगा। हमारे शहर में छोटी-बड़ी नहरें लानी चाहिए। बार-बार बोरवेल करने पर जोर क्यों दिया जाता है। बोर अधिक करेंगे तो ठेकेदार के जरिए ऊपर तक पैसा जाएगा, इसलिए बोरवेल करना चाहते हैं। हालांकि दोनों मंत्रियों ने इस तरह के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। जिस पर कोई जवाब नहीं दिया।

# रुक्टा डेमोक्रेटिक ने प्राचार्य अशोक आर्य को हटाने की मांग की

**अलवर।** अलवर कला कॉलेज के कैंसर पीड़ित लाइब्रेरियन प्रहलाद राम बुनकर जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। दिल्ली एम्स में भर्ती है। 15 जुलाई को कैंसर का दोबारा ऑपरेशन होना है। पीड़ित कह रहे हैं कि हो सकता है मैं जिंदा ना बच पाऊं। इनकी सेवानिवृति 31 जुलाई को है, जिसे प्राचार्य अशोक आर्य ने मुश्किल कर दिया है। कूटरचित दस्तावेज तैयार कर मनमानी चार लाख की वसूली थोप दी है।

■ 'प्राचार्य ने क्रूरता की हदें पार की, इंसानियत को शर्मसार किया'

रुक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक रमेश बैरवा के अनुसार प्राचार्य अशोक आर्य ने अब तो क्रूरता की तमाम हदें पार कर दी हैं, इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। कॉलेज शिक्षा को बदनाम कर दिया है। लाइब्रेरीयन को 14 जुलाई को ई-मेल पर पत्र भेजकर ड्यूटी पर आने के लिए पाबंद किया है, जबकि इलाज के लिये जाने से पहले प्राचार्य से व्यक्तिश मिलकर बुनकर ने अवकाश प्रार्थना पत्र एवं लाइब्रेरी की चाबियां सौंपने का बार-बार आग्रह किया जिसे प्राचार्य ने ठुकरा दिया। लाइब्रेरियन से बदसलूकी की। मजबूरन लाइब्रेरियन को अवकाश आवेदन कॉलेज की ईमेल आईडी पर भेजना पड़ा। इंसानियत का इजहार करने की बजाय अशोक आर्य कैंसर पीड़ित को भयावह स्थिति में भी प्रताड़ित करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक ने पीड़ित लाइब्रेरियन के सफल उपचार एवं स्वस्थ होने की कामना की है और प्राचार्य अशोक आर्य के इस अमानवीय, क्रूर आचरण एवं सेवा नियमों की खुली अवहेलना की कठोर शब्दों में निंदा की है। अशोक आर्य के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की मांग की है।

# समरावता गांव मेरे लिए पूजनीय : नरेश मीणा

**टोंक,** (निसं)। देवली-उनियारा उपचुनाव के दौरान हुए थप्पड़कांड के आरोपी नरेश मीणा सोमवार को आठ महिने बाद जेल से बाहर आ गए। जेल से रिहा होने के बाद मीणा समरावता गांव पहुंचे, जहां वह ग्रामीणों से मिले। इस मौके पर मीणा ने कहा कि समरावता मेरे लिए पूज्यनीय है। इस गांव की मिट्टी को चूमने आया हूं, यहां पर मेरा पुनर्जन्म हुआ है। ऐसे में लोगों का यह एहसान कभी नहीं भूलूंगा और यहां बेटा बनकर मैं लोगों की सेवा करूंगा। अभी कोर्ट के आदेश की पालना में ज्यादा कहूंगा नहीं, लेकिन इतना सा कहूंगा कि एक-एक परिवार मेरा है। इस दौरान गांव की महिलाओं ने कहा कि उपचुनाव में मतदान के दिन व रात के समय पुलिस ने नरेश मीणा को मारने के लिए लठ मारे, गोलियां चलाई, लेकिन हम पीछे नहीं हटी, हमने लाठियां खाकर नरेश को उस रात बचाया, आज इसके आने से हम बहुत खुश है, हमारा बेटा हमारे बीच आ गया।

वहीं नरेश मीणा को जमानत मिलने के बाद उनके वकील फतेहराम मीणा भावुक हो गए, वे कोर्ट रूम से बाहर आकर रोने लगे, साथी वकीलों ने उन्हें संभाला। फतेहराम मीणा ने कहा कि नरेश मेरा जूनियर रहा है, मीणा छात्रावास-अध्ययन केन्द्र में साथ रहे थे। मेरी उसके परिवार से भी जानकारी है।

# बरसात से हिंगलोट बांध छलका, जलाशयों में जलस्तर बढ़ा

**छबड़ा,** (निसं)। क्षेत्र में रविवार सुबह शुरू हुआ बारिश का दौर दिन भर जारी रहा, इस दौरान कभी तेज़ तो कभी रिमझिम बारिश जारी रही। बारिश होने से क्षेत्र के जलाशयों में पानी की आवक होने से जलस्तर बढ़ गया। क्षेत्र में रविवार सुबह से सोमवार शाम 4 बजे तक लगभग 77 एमएम बारिश दर्ज की गई। वही क्षेत्र का हिंगलोट डेम भी लबालब होकर छलक गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में इन दिनों बारिश का दौर जारी है, रविवार सुबह शुरू हुआ बारिश का दौर शुरू हो गया। जो दिनभर जारी रहा, बारिश कभी तेज़ तो कभी रिमझिम शाम तक जारी रही। वही रात को भी बारिश का दौर जारी रहा। बारिश होने से जहां एक और तापमान में गिरावट देखने को मिली तो वही दूसरी ओर क्षेत्र के जलाशयों में पानी की आवक होने से जलाशयों के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई। क्षेत्र में रविवार सुबह से सोमवार शाम 4 बजे तक कुल 78 एमएम बारिश दर्ज की गई। वही क्षेत्र का हिंगलोट डेम भी लबालब हो गया है, सोमवार सुबह डेम पर 10 सेमी की चादर चल गई है।



हिंगलोट डेम लबालब होकर छलक गया

# गौवंश पर क्रूरता व गौसेवक से मारपीट का विरोध

**शाहपुरा,** (निसं)। ग्राम सरदारपुरा (अरनिया घोड़ा) में एक गौवंश के साथ बर्बरता की घटना और गौसेवकों के साथ दुर्व्यवहार के विरोध में बालाजी गौवंश सेवा समिति व गौसेवा टीम जीव रक्षणम के सदस्यों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन विश्व हिंदू परिषद के सह प्रांत गौरक्षा प्रमुख रामेश्वर लाल धाकड़ के नेतृत्व में दिया गया।



बालाजी गौवंश सेवा समिति व गौ सेवा टीम जीव रक्षणम के सदस्यों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि 13 जुलाई रविवार को सरदारपुरा गांव में एक निर्दोष गौवंश को बेरहमी से पीटा गया, उसकी नाक में लोहे का तार डालकर क्रूरता की गई। जब एक गौसेवक ने इस अत्याचार का विरोध किया तो गांव के दो असामाजिक तत्वों ने उस पर हमला कर दिया और उसकी माता के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। बालाजी गोवंश सेवा समिति के अध्यक्ष खुशराज वैष्णव और गौ सेवा टीम जीव रक्षण के अध्यक्ष सुमित कुम्हार ने मामले की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों पर गौवंश प्रतिशोध अधिनियम एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की। समिति के सचिव लक्ष्मण जांगिड़ और नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि यह घटना अत्यंत पीड़ादायक है और इससे गौभक्तों की भावना आहत हुई है।

विश्व हिंदू परिषद के सहप्रांत प्रमुख रामेश्वरलाल धाकड़ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो जिलेभर के हजारों गौभक्त थाने का घेराव करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में शामिल विश्व हिंदू परिषद सह प्रांत गौरक्षा प्रमुख रामेश्वर लाल धाकड़, बालाजी गौवंश सेवा समिति के अध्यक्ष खुशराज वैष्णव, गौसेवा टीम जीवरक्षण के अध्यक्ष सुमित कुम्हार, सचिव लक्ष्मण जांगिड़, नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, गौभक्तों में हनुमान धाकड़ (हिंदू जागरण मंच), विष्णु शर्मा (तहसील अध्यक्ष), राघव प्रताप सिंह, महावीर गुर्जर, लोकेश गुर्जर, राहुल धाकड़, प्यारेलाल कुमावत, मुकेश वैष्णव चलानिया, कमल बगड़ावत, करण सिंह बंजारा, मनीष ढोली, प्रकाश कहार, देवकिशन गाडरी सहित कई अन्य शामिल थे।

■ बालाजी गौवंश सेवा समिति व गौसेवा टीम जीव रक्षण ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर में रुदावल कस्बे के घटिया मोहल्ला में आधी रात्रि के बाद एक दो मंजिला हवेली पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे हवेली की दूसरी मंजिल की छत की पट्टियां टूटकर गिर गई, जिस घटना मे हनुमान मंदिर पर प्रसाद की रेहड़ी की दुकान लगाने बाले 50 वर्षीय महेश गोयल की मौत हो गई। हादसे के दौरान मृतक की 45 वर्षीया पत्नी मंजू और बच्चे हवेली के दूसरे कमरे में सो रहे थे जो हादसे का शिकार होने से बच गए। घटना रात करीब तीन बजे की बताई गई है। आकाशीय बिजली गिरने की आवाज और मकान के गिरने से हुए धमाके की आवाज सुनकर पड़ौसी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने शव को मलबे से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है।

# जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, बुजुर्ग की हत्या

## पत्नी गंभीर घायल, पुलिस मौके पर पहुंची

**अजमेर,** (कासं)। ब्यावर जिले के बिजयनगर थाना क्षेत्र के बाड़ी गांव में खेत में भैंस चरा रहे दंपती पर पांच-सात लोगों ने लाठी और सरियों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में बुजुर्ग चांदमल माली की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी आंबी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक बुजुर्ग के दामाद गजानंद माली ने पुलिस में शिकायत दी है। घटना जमीन पर अवैध कब्जे की नियत से की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिजयनगर थाना पुलिस को दी शिकायत में गजानंद ने बताया कि उसके ससुर चांदमल और सास आंबी देवी खेत में भैंस चरा रहे थे। तभी मौके पर पप्पू गुर्जर, श्रवण, कानाराम, संतोष देवी और गीता देवी सहित पांच-सात लोग पहुंचे और उन्होंने अचानक हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठियों और सरियों से चांदमल के सिर और शरीर पर कई वार किए। जब अंबी देवी बीच बचाव में आईं तो उन्हें भी बुरी तरह पीटा। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को बिजयनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से चांदमल को गंभीर हालत में जवाहरलाल नेहरू अस्पताल रैफर किया। इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई।

सूचना पर बिजयनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के दामाद गजानंद माली की ओर से दी गई शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तीन गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सदर पुलिस ने एक व्यक्ति को 927 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान दीपक के तौर पर हुई है। अभियान के दौरान हिंदुमलकोट पुलिस ने अवैध देसी पिस्तौल सहित बलजीत सिंह को गिरफ्तार किया। इधर, पुरानी आबादी पुलिस ने भी अवैध रिवॉल्वर सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसआई सुंदरलाल ने मोहम्मद अजहरुद्दीन को 32 बोर की अवैध रिवॉल्वर सहित पकड़ा।

# शराब की भट्ठी चला रहे लोगों ने आबकारी दल पर पत्थरबाजी की

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। हिंदुमलकोट थाना क्षेत्र में हथकढ़ शराब निकाल रहे लोगों ने आबकारी की टीम पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। घटना देर रात की बताई जा रही है। इसे लेकर हिंदुमलकोट थाने में दो नामजद व दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

मामले की जांच कर रहे एसआई हरबंस सिंह ने बताया कि आरोपी जोगेंद्र सिंह, लखविंद्र सिंह व दो अन्य 500 एलएनपी के रहने वाले हैं। इस संबंध में आबकारी निरोधक दल के प्रहरी अधिकारी बनवारी लाल ने केस दर्ज करवाया है।

परिवादी ने पुलिस को बताया कि मुखबिर की सूचना पर आबकारी की टीम 500 एलएनपी इलाके में कार्रवाई के लिए पहुंची थी। सूचना थी कि नहर के किनारे भट्ठी चलाकर अवैध शराब बनाई जा रही है। मौके पर पहुंची आबकारी की टीम को देखकर आरोपियों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इन लोगों ने टीम के सदस्यों के साथ मारपीट की और मौके से फरार हो गए। इस तरह आरोपियों ने राजकार्य में भी बाधा डाली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की है। इस मामले में अभी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

**धारदार हथियार सहित दो गिरफ्तार :** श्रीगंगानगर में पुलिस ने अलग-अलग जगह से दो लोगों को धारदार हथियार सहित गिरफ्तार किया है।

पुरानी आबादी पुलिस ने गश्त के दौरान मिर्जेवाला फाटक के पास केशूराम निवासी गहलोत चौक पुरानी आबादी को तलवार सहित गिरफ्तार किया। इधर, जवाहरनगर थाना पुलिस ने ओवरब्रिज के पास सुनील निवासी नोहर, हनुमानगढ़ को धारदार हथियार कापा के साथ पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच की जा रही है।